# घर में लैड पेंट के खतरे

## अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में किराएदारों को क्या पता होना चाहिए

**लैड** एक जहर है, जो अक्सर पुराने पेंट में पाया जाता है। लैड पेंट, जो धूल में तब्दील हो जाता है; बच्चों में एक बहुत ही आम पहचाने जाने वाला लैड पॉइज़निंग का स्रोत है। लैड पॉइज़निंग से बच्चों में सीखने और व्यवहार संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। 1960 में न्यू यॉर्क सिटी (New York City, NYC) में रिहाइशी इमारतों में लैड पेंट के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। 1960 से पहले बनी इमारतों में अभी भी दीवारों, खिड़कियों, खिड़कियों की दहलीज, दरवाजों और अन्य सतहों पर लैड पेंट हो सकता है। अगर पेंट उतरने लगता है या घर की मरम्मत असुरक्षित तरीके से होती है, तो लैड पेंट और धूल आपके घर में फैल सकती है। जब बच्चे अपने हाथों और खिलौनों को मुंह में डालते हैं, तो लैड युक्त धूल को निगल सकते हैं।

आपके बच्चों को लैड पॉइज़निंग से बचाने के लिए NYC में कानून और सेवाएं हैं। मकान मालिकों को उन अपार्टमेंटों में लैड पेंट के खतरों को पहचानना और ठीक करना होगा जहां बच्चे 5 साल या उससे कम उम्र के हैं या नियमित रूप से प्रति सप्ताह 10 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं। यदि भवन में तीन या अधिक अपार्टमेंट हैं और वह 1960 से पहले (या 1960 और 1978 के बीच का यदि मालिक को पता है कि इमारत में लैड पेंट है) निर्मित है, तो ये कानून लागू होते हैं।

## किराएदारों के लिए अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को जानना महत्वपूर्ण है।

### मकान मालिकों के लिए आवश्यक है:

- यह पता लगाए कि क्या 5 साल या उससे कम उम्र का कोई बच्चा इस इमारत में रहता है या वह इसमें 10 या इससे अधिक घंटों तक समय नियमित तौर पर बिताता है और हर वर्ष उन अपार्टमेंट का निरीक्षण लेड पेंट के खतरों से संबंध में करें।
- किसी नए किराएदार के आने से पहले, एक और दो-परिवार के घरों सहित सभी किराए वाली इकाइयों में लैड पेंट के खतरों के मद्देनजर मरम्मत कराए।
- लैड पेंट खतरों को ठीक कराते समय और सामान्य मरम्मत कार्य के दौरान लैड पेंट के खराब होने के अंदेशे को देखते हुए सुरक्षित कार्य करवाएं और प्रशिक्षित श्रमिकों को काम पर लगाएं।
- 100 वर्गफ़ीट से अधिक क्षेत्र में लेड पेंट में बदलाव करने, खिड़कियों को बदलने या NYC आवास संरक्षण और विकास विभाग (NYC Department of Housing Preservation and Development) द्वारा जारी नियमों के उल्लंघनों को ठीक करने का मामला होने पर संयुक्त राज्य अमेरिका पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (United States Environmental Protection Agency) द्वारा प्रमाणित फ़र्म्स का ही उपयोग करें।

### किराएदारों के लिए आवश्यक है:

- वे अपने मकान मालिक से मिलने वाले सालाना नोटिस को भरें और उन्हें वापस करें। इस फ़ॉर्म से मकान-मालिक को पता चलता है कि अपार्टमेंट में कोई बच्चा रहता है या नहीं या अपार्टमेंट में नियमित रूप से समय बिताता है या नहीं।
- वे मकान मालिक को लिखित रूप से सूचित करें कि उनके यहां कोई नवजात बच्चा है या 5 साल या उससे कोई छोटा बच्चा आता है या अपार्टमेंट में नियमित रूप से हर सप्ताह 10 या उससे अधिक घंटे बिताना शुरू करने वाला है।

## काम करने के सुरक्षित तरीकों में ये शामिल हैं:

- कार्य क्षेत्र के बाहर चेतावनी के निशान लगाना।
- सभी फ़र्नीचर को हटाना या ढकना और फ़र्श, दरवाज़ों और दूसरी खुली जगहों को प्लास्टिक या वाटरप्रूफ़ टेप से सील करना।
- गीले पौंछों या HEPA वैक्यूम के द्वारा दैनिक कार्य क्षेत्र की सफ़ाई, और काम पूरा होने के बाद गीले पौंछों और HEPA वैक्यूम दोनों से सफ़ाई।
- प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा काम पूरा हो जाने के बाद वह तमाम धूल की साफ़-सफ़ाई करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि लैड धूल का स्तर सुरक्षित है, किरायेदार को परिणामों की एक प्रति देता है।

**मकान मालिक और ठेकेदारों को कभी भी लैड पेंट को खुरच कर नहीं निकालना चाहिए।**

## लैड पेंट से बच्चों को बचाने के लिए आप क्या कर सकते हैं

- अपने मकान मालिक को अपार्टमेंट में पेंट उतरने, झड़ने या निकलने की रिपोर्ट करें। यदि आपके मकान मालिक ने उतरने वाले पेंट को ठीक नहीं किया है या यदि आपको लगता है कि मरम्मत कार्य सुरक्षित तरीके से नहीं किए जा रहे हैं, तो नि:शुल्क निरीक्षण का अनुरोध करने के लिए 311 पर कॉल करें।
- अक्सर फर्श, खिड़कियों, हाथों, खिलौनों और चुसनियों को धो लिया करें।
- 1 साल और 2 साल की उम्र के अपने बच्चे में लैड पॉइज़निंग संबंधी परीक्षण करने की याद अपने चिकित्सक को दिलाएं। बड़े बच्चों के परीक्षण के बारे में डॉक्टर से पूछें। यदि आपका कोई डॉक्टर नहीं है, तो अपने बच्चे का परीक्षण करवाने के लिए 311 पर कॉल करें।

## लैड पॉइज़निंग रोकथाम संबंधी सहायता। 311 को कॉल करें:

- असुरक्षित कार्यों की रिपोर्ट करें।
- लैड पॉइज़निंग की रोकथाम कैसे की जाए, इस बारे में विस्तार से जानें।
- पीने के पानी के नि:शुल्क लैड परीक्षण किट के लिए ऑर्डर करें। पानी का नमूना देने के 30 दिनों के भीतर आपको परिणाम प्राप्त होंगे।
- पता लगाएं कि आपके बच्चे के लिए लैड पॉइज़निंग परीक्षण और उपचार कहां प्राप्त होगा।
- लैड पॉइज़निंग की रोकथाम के बारे में यह दस्तावेज़ और अन्य सामग्रियों की प्रतिलिपि के लिए ऑर्डर करें।

जब किराएदार लीज़ अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं या किसी अपार्टमेंट में रहने आते हैं तो एकाधिक रिहाइशी इमारतों (तीन या उससे अधिक अपार्टमेंट) के मालिकों को उन्हें यह दस्तावेज देना होगा कि यह इमारत 1960 से पहले का है (अगर 1960 और 1978 के बीच बनाया गया था, तो मालिक को पता है कि इमारत में लैड पेंट है)। इस दस्तावेज़ में कानून की बुनियादी जानकारी है और यह केवल आपकी सुविधा के लिए प्रदान किया गया है। कानूनों और लागू नियमों की एक प्रति के लिए **nyc.gov/hpd** पर जाएं और **"lead poisoning" (लैड पॉइज़निंग)** खोजें।

लैड पॉइज़निंग की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए **nyc.gov/leadfree** पर जाएं।

यह न्यूयॉर्क सिटी स्वास्थ्य और मानसिक स्वच्छता विभाग (Department of Health and Mental Hygiene) के ब्रोशर का एक प्रिंटर-अनुकूल संस्करण है, जिसका शीर्षक "घर में लैड पेंट के खतरे (Lead Paint Hazards in the Home)" है।